उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग,
संख्या-43/5491/92-2014-131आरईएस/2014टीसी,
दिनांक: लखनऊ: 02 दिसम्बर, 2014

कार्यालय-ज्ञाप

श्री राज कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (वेतनमान रू0 15600-39100, ग्रेड पे-5400) (वेतन बैण्ड-3) को नियमित चयनोपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (वेतनमान रू0 15600-39100, ग्रेड पे-6600) (वेतन बैण्ड-3) के पद पर एतद्द्वारा पदोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री राज कुमार वर्मा को नव प्रोन्नत पद पर योगदान की तिथि से अनुमन्य वेतन/मंहगाई भत्ता व अन्य भत्ते शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों के अनुसार देय होंगे।

3- अधिशासी अभियन्ता के पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप श्री राज कुमार वर्मा अपनी वर्तमान तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करेंगे तथा कार्यभार प्रमाणक की प्रति शासन को उपलब्ध करायेंगे। श्री राज कुमार वर्मा की तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

कुमार कमलेश
प्रमुख सचिव।

संख्या-43/5491(1)/92-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को आगामी राजकीय गजट में प्रकाशन हेतु प्रेषित।
3- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4- मुख्य अभियंता (पूर्वी/पश्चिमी क्षेत्र), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5- अधीक्षण अभियन्ता, सम्बन्धित परिमंडल, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
6- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7- सम्बन्धित अधिकारी।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिशिर कुमार यादव)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in